इंदौर, बुधवार 01 जुलाई 2026
वर्ष : 5 ■ अंक : 210
पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत

आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650


राष्ट्रपिता को नमन...

## अंदर के पन्नों पर...

लंबे समय बाद शिक्षा विभाग में बदली कुर्सियां




पेज-2

व्यस्तता के कारण बेटियों से हुई भावनात्मक दूरी- स्मिता



पेज-5

तीन साल से बंद मांगलिया रेलवे क्रॉसिंग



पेज-6

# कलेक्टोरेट में बड़ा बदलाव जल्द
## ट्रांसफर हुए सभी एसडीएम हुए कार्यमुक्त

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर ●** इंदौर कलेक्टोरेट में 15 जून को ट्रांसफर हुए डिप्टी कलेक्टर, संयुक्त कलेक्टर को इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा ने रिलीव कर दिया है। इस संबंध में कल आदेश जारी कर दिए हैं। फिलहाल लिंक अधिकारियों को रिक्त हुए पदों को संभालने के लिए कहा गया है। जल्द ही नए सिरे से कार्यविभाजन होगा।

**चार तहसील के एसडीएम गए**-मप्र शासन द्वारा किए गए ट्रांसफर में चार ऐसे अधिकारी भी थे जो तहसील में एसडीएम पद पर पदस्थ थे। इसमें दो अपर कलेक्टर पर पदोन्नत हुए। जिसमें राउ एसडीएम गोपाल वर्मा और सांवेर एसडीएम राकेश त्रिपाठी थे। दोनों रिलीव हो गए। इसी तरह देपालपुर एसडीएम प्रदीप सोनी और खुड़ैल एसडीएम प्रियंका चौरसिया भी रिलीव हो गए हैं। इस तरह चार एसडीएम पद खाली हुए हैं। इन पर नए अधिकारी आएंगे।

**पांच अधिकारियों ने किया जॉइन**-उधर इंदौर ट्रांसफर होकर आए अधिकारियों में मंगलवार तक पांच अधिकारी जॉइन कर चुके हैं, बाकी एक अधिकारी भी एक-दो दिन में संभावित है। अभी तक धार से आए संयुक्त कलेक्टर राहुल गुप्ता, दतिया से आई श्रुति अग्रवाल व दतिया से ही आए लोकेंद्र सिंह सरल, भोपाल से आई अलका सिंह वामनकर और सीएस आफिस से आए राजेश सिंह ने जॉइन कर लिया है। विदिशा से ट्रांसफर हुए एचएस विश्वकर्मा का जॉइन होना बाकी है।

**इंदौर से यह ट्रांसफर हुए**-वहीं इंदौर से नीरज खरे, प्रदीप सोनी, ओम बड़कुल, कल्याणी पाण्डेय, प्रिया पटेल, सीमा कनेश, प्रियंका चौरसिया ट्रांसफर हुए हैं। उधर इंदौर से ट्रांसफर हुए दो तहसीलदार बलवीर सिंह राजपूत और याचना दीक्षित को हाईकोर्ट से 15 दिन की राहत मिली है।



### बड़ी प्रशासनिक सर्जरी होगी

इंदौर में नए अधिकारी आए हैं, ऐसे में अब बड़ी प्रशासनिक सर्जरी होगी। चार एसडीएम तो तहसीलों में सीधे नए आएंगे। वहीं माना जा रहा है कि कलेक्टर इसमें सभी तहसीलों की स्थिति और अधिकारियों के अनुभव को देखते हुए पदस्थापना देंगे। अनुभवी अधिकारियों को अहम शाखाओं का भी प्रभार दिया जाएगा।

# इंदौर की उपेक्षा : वास्तविक दर्द या राजनीतिक कुंठा



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर ●** कैलाश विजयवर्गीय ने इंदौर की उपेक्षा को लेकर सार्वजनिक रूप से नाराजगी जताई है। राजनीतिक विश्लेषज्ञ मुख्यमंत्री को लिखे पत्र के पीछे अनेक संभावित राजनीतिक अर्थ निकाल रहे हैं। पत्र का मजनून प्रथम दृष्ट्या राजनीतिक विश्लेषण का विषय हो सकता है, लेकिन अगर सूक्ष्मता से देखा जाए तो यह इंदौर में वर्चस्व को लेकर भाजपा की अंदरूनी राजनीति का ही एक हिस्सा हो सकता है।

**दर्द का पक्ष :** कैलाश विजयवर्गीय लंबे समय से इंदौर की राजनीति के प्रमुख चेहरा रहे हैं। यदि उन्हें लगता है कि शहर की अधोसंरचना परियोजनाएं, विकास कार्य या प्रशासनिक प्राथमिकताएं अपेक्षित गति से नहीं बढ़ रही हैं, तो उनका बयान इंदौर के प्रति वास्तविक चिंता और जिम्मेदारी का प्रदर्शन माना जा सकता है।

**कुंठा का पक्ष :** राजनीति में शक्ति-संतुलन भी महत्वपूर्ण होता है। यदि निर्णय प्रक्रिया में उनकी भूमिका पहले की तुलना में कम हुई हो, या इंदौर से जुड़े मुद्दों पर उनकी राय को पर्याप्त महत्व नहीं मिल रहा हो, तो बयान को राजनीतिक असंतोष अथवा कुंठा की अभिव्यक्ति के रूप में भी देखा जा सकता है।

यह तय करना कठिन है कि बयान में दर्द अधिक था या कुंठा। लेकिन इतना जरूर है कि इस बयान ने यह संदेश दिया कि प्रदेश की सत्ता के केंद्र में बैठे नेताओं के बीच इंदौर की प्राथमिकता को लेकर सब कुछ सामान्य नहीं है।

गौरतलब है कि कैलाश विजयवर्गीय मध्यप्रदेश के भारतीय जनता पार्टी के ऐसे कद्दावर नेता माने जाते है, जिनकी राष्ट्रीय नेताओं के बीच अच्छी पकड़ मानी जाती है। यही कारण है कि वर्ष 2003 के बाद से प्रदेश के सभी मुख्यमंत्रियों को बनाने में उनकी अहम भूमिका रही है। बात करे चाहे उमा भारती की, बाबूलाल गौर की, शिवराजसिंह चौहान की, सभी मुख्यमंत्री के बनते ही कैलाश विजयवर्गीव उनके खास मंत्रियों में शुमार थे, लेकिन कैलाश विजयवर्गीय की महत्वाकांक्षा के चलते हर मुखमंत्री ने उनसे दूरी बनाते हुए यहीं हालत वर्तमान मुख्यमंत्री मोहन यादव के साथ भी बन रहे है।

कैलाश विजयवर्गीय को यह समझना होगा कि इंदौर प्रदेश की आर्थिक राजधानी है और हर मुख्यमंत्री यहां अपना वर्चस्व चाहता है। वही कैलाश विजयवर्गीव अपने आपको इंदौर का एकछत्र नेता मानते है। यहीं अधिकारों का छिपा युद्ध धीरे धीरे ही सही उभर कर बयानों के रूप में उभर कर आ रहा है। इतना तो तय है कि कैलाश विजयवर्गीय का यह पत्र महज अपने शहर की चिंता बनकर नहीं रहेगी, बल्कि उनका यह पत्र राजनीतिक विस्फोट का काम करेगा, जिसके धमाके के स्वर आने वाले कुछ समय में सुनाई देंगे।

### मप्र कांग्रेस की पीएसी की वर्चुअल बैठक में उठा उज्जैन के भूमि आवंटन विवाद का मामला

# दिग्विजय सिंह का बयान कांग्रेस में अंदरूनी घमासान

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल ●** उज्जैन में एक ट्रस्ट को भूमि आवंटन विवाद को लेकर मप्र कांग्रेस की राजनीतिक मामलों की समिति (पीएसी) की मंगलवार को हुई वर्चुअल बैठक में पार्टी के भीतर मतभेद खुलकर सामने आ गए। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के हालिया बयान को लेकर कई नेताओं ने कड़ी आपत्ति जताई। नेताओं का कहना था कि यदि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के बयान अलग-अलग होंगे, तो कार्यकर्ताओं के लिए जनता के बीच इस मुद्दे को उठाना मुश्किल हो जाएगा। बैठक में पूर्व विधायक प्रवीण पाठक ने नाराजगी जताते हुए कहा कि मैदान में पार्टी कार्यकर्ता संघर्ष कर रहा है, लेकिन यदि वरिष्ठ नेता ही प्रदेश अध्यक्ष के रुख को कमजोर करेंगे, तो जनता के सामने जवाब देना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसे बयान पार्टी की पूरी मुहिम को नुकसान पहुंचा सकते हैं और कार्यकर्ताओं का मनोबल टूटेगा।

बैठक में विधायक आरिफ मसूद ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भूमि आवंटन का गंभीर मुद्दा उठाया, लेकिन दिग्विजय सिंह के बयान के बाद कार्यकर्ताओं में भ्रम की स्थिति बन गई है। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस जनता के बीच जाएगी, तो लोग पूछेंगे कि आखिर सही कौन है, जीतू पटवारी या दिग्विजय सिंह। पहले पार्टी के भीतर एक राय बननी चाहिए, तभी आंदोलन प्रभावी होगा।




### करोड़ों की जमीन आरएसएस के लोगों को 1 रुपए में दी

बैठक के बाद प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की। जीतू पटवारी ने आरोप लगाया कि प्रदेश में करोड़ों रुपए की सरकारी जमीन एक रुपए की लीज पर ट्रस्टों को दी गई और इसका लाभ आरएसएस-बीजेपी से जुड़े लोगों को मिलता है। राम जन्म भूमि ट्रस्ट को भी नरेंद्र मोदी सरकार ने सरकारी ट्रस्ट बनाया था। वहां 200 करोड़ रुपए की कथित लूट के प्रमाण भी सामने आ चुके हैं। अयोध्या से लेकर महाकाल तक भाजपा ने देश की आस्थाओं की चोरी की है। अयोध्या में सार्वजनिक चोरी हुई।

### न्यूज ब्रीफ

- दिल्ली साइबर पुलिस ने 'डिजिटल अरेस्ट' रैकेट का किया भंडाफोड़, बंगाल से तीन गिरफ्तार
- घरेलू ATF की कीमत 1,15,000/किमी से घटाकर हुई 1,10,000/किलोमीटर
- नेपाल में पेट्रोल-डीजल के दामों में भारी कटौती, LPG सिलेंडर में भी 100 रु. सस्ता
- चीन का कड़ा संदेश, शी जिनपिंग बोले- राष्ट्रीय संप्रभुता से कोई समझौता नहीं
- नायरा एनर्जी ने पेट्रोल की कीमत में 5 और डीजल की कीमत में 3 रु. प्रति ली. की कटौती की
- बिहार STF ने अंतरराज्यीय ड्रग नेटवर्क का किया भंडाफोड़, करोड़ों की नशीली दवाएं जब्त, 6 अरेस्ट
- केतन मर्डर केस : घटनास्थल पर आरोपी चेतन के साथ क्राइम सीन रीक्रिएट करेगी पुणे पुलिस
- 19KG वाला LPG कॉमर्शियल सिलेंडर हुआ सस्ता, घटे 183 रुपये
- यमुना एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा, कंटेनर से टकराई बस, 4 की मौत, 32 घायल
- क्रिप्टो से ट्रंप की रिकॉर्ड कमाई, एक साल में 1.4 अरब डॉलर से ज्यादा की आय

# देर रात ऋषिकेश से इंदौर आ रही बस टकराई, 8 की मौत

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर ●** राजस्थान के दौसा जिले में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर मंगलवार देर रात भीषण सड़क हादसा हो गया। ऋषिकेश से इंदौर जा रही स्लीपर बस आगे चल रहे ट्रेलर से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहनों में आग लग गई।

आग ने कुछ ही मिनटों में पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में 8 यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 21 लोग घायल हुए हैं। घायलों का इलाज दौसा जिला अस्पताल में चल रहा है। हादसा मंगलवार रात करीब 2:30 बजे कोलवा थाना क्षेत्र के तनावड़ जीरो पॉइंट पर हुआ। पुलिस के अनुसार बस तेज रफ्तार में थी और पीछे से ट्रेलर में जा घुसी। टक्कर के बाद दोनों वाहनों में आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कई यात्री बस के अंदर ही फंस गए।

**यात्रियों का आरोप- एक घंटे तक नहीं पहुंची मदद :** हादसे के बाद यात्रियों और स्थानीय लोगों ने बचाव कार्य में देरी का आरोप लगाया है। इंदौर निवासी यात्री चंद्रप्रकाश गुप्ता ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ बस में सफर कर रहे थे। आग लगने के बाद किसी तरह उन्हें बाहर निकाला गया, लेकिन उनकी पत्नी का पैर सीट में फंस गया था।



उन्होंने बताया, धुआं तेजी से भर रहा था। मैंने पत्नी को बचाने की कोशिश की, लेकिन वह बेहोश हो गई। रास्ते में एक घायल यात्री को भी बाहर निकाला। पुलिस और हाईवे पेट्रोलिंग को फोन किया, लेकिन करीब एक घंटे तक कोई मदद नहीं पहुंची। तब तक कई लोग बस में फंसे रहे। बस में आग लगने के कारणों की जांच की जा रही हैं। पुलिस की टीम ने बुधवार सुबह करीब एक घंटे तक बस के अंदर जांच की। बस में आग लगने के कारणों की जांच की जा रही हैं। पुलिस की टीम ने बुधवार सुबह करीब एक घंटे तक बस के अंदर जांच की।

**आग और चोट से गई 8 लोगों की जान :** पुलिस के मुताबिक हादसे में कुल 8 लोगों की मौत हुई है। इनमें 6 यात्रियों की मौत आग में झुलसने से हुई, जबकि 2 लोगों ने सिर में गंभीर चोट लगने के कारण दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान की प्रक्रिया जारी है।

### श्रीदत्त देवालय प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के चतुर्थ दिवस

# शंकराचार्य स्वामी ने श्रद्धालुओं को श्रीविद्या दीक्षा प्रदान की वारकरी दिंडी व पालखी सोहले से भक्तिमय हुआ वातावरण

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर ●** श्री केशवानंद सरस्वती आश्रम ट्रस्ट एवं श्री दत्त माऊली भाविक मंडल द्वारा आयोजित श्रीदत्त देवालय (अवधूत मंदिरम्) में चल रहे श्री दत्तात्रेय मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के चतुर्थ दिवस मंगलवार को वैदिक परंपरा के अनुरूप विविध धार्मिक अनुष्ठान अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक गरिमा के साथ सम्पन्न हुए।

प्रात:काल वैदिक आचार्यों के सान्निध्य में फलाधिवास, पुष्पाधिवास तथा पर्याय होम (स्वारभिषेक अनुष्ठान) विधि-विधानपूर्वक सम्पन्न हुए। वैदिक मंत्रोच्चार एवं यज्ञीय वातावरण के मध्य भगवान श्रीदत्तात्रेय की प्राण-प्रतिष्ठा की पावन प्रक्रिया क्रमबद्ध रूप से आगे बढ़ाई गई।




महोत्सव का प्रमुख आकर्षण परमपूज्य जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती जी महाराज के पावन सान्निध्य में आयोजित श्रीविद्या दीक्षा समारोह रहा। इस अवसर पर देशभर से आए श्रद्धालुओं एवं साधकों ने शंकराचार्य महाराज से श्रीविद्या की दिव्य दीक्षा ग्रहण कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। सायंकाल भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शंकराचार्य महाराज के दर्शन, आशीर्वाद एवं आध्यात्मिक मार्गदर्शन का लाभ लिया।

सायंकाल श्री क्षेत्र आलंदी से पधारे वारकरी विद्यार्थियों द्वारा पारंपरिक वारकरी दिंडी एवं भव्य पालखी सोहला अत्यंत श्रद्धा एवं उत्साह के साथ निकाला गया। 'ज्ञानबा-तुकाराम' एवं 'श्रीगुरुदेव दत्त' के जयघोष, टाल-मृदंग की मधुर ध्वनि तथा अभंग गायन से सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठा। इसके पश्चात माऊली भजन मंडल, पुणे द्वारा प्रस्तुत भजन सेवा ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया।

महोत्सव में बड़ी संख्या में संत-महात्माओं, वेदाचार्यों, गणमान्य नागरिकों एवं श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। आयोजन समिति ने सभी भक्तों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आगामी धार्मिक कार्यक्रमों में भी अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया।

### गौशाला में गबन और भ्रष्टाचार के आरोप प्रशासन मौन

# गौशाला में है 50 गाय, लेकिन अनुदान लिया 102 गायों का

**निलेश चौहान : 94250-77209**

**देपालपुर ● दैनिक इंदौर संकेत**

गौशालाओं में भ्रष्टाचार और गौवंश पर अत्याचार को लेकर प्रदेश में हलचल तेज हो गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के बार-बार दिए गए निर्देशों के बावजूद जमीनी स्तर पर हालात बिल्कुल उलट दिखाई दे रहे हैं।

ग्राम खजुरिया रेशम केंद्र, हातोद स्थित उत्सव श्राद्ध विहार गौशाला में गंभीर गड़बड़ी का मामला सामने आया है। गौशाला अध्यक्ष राकेश पोरवाल पर करोड़ों रुपये के वित्तीय गबन, पशु क्रूरता और शासकीय अनुदान के दुरुपयोग का आरोप लगाया गया है। संगठन का कहना है कि कागजों में 102 गौवंश दिखाकर आठ महीने से फर्जी अनुदान लिया जा रहा है, जबकि मौके पर केवल 50 गौवंश पाए गए। मृत गायों को सम्मानजनक भू-समाधि देने के बजाय नाले में फेंका जा रहा है।

शिकायतें पहले ही एसडीएम हातोद, पशुपालन विभाग और पुलिस तक पहुंच चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इससे नाराज होकर श्री



कुबेर राज गौ सेवा संगठन ने कलेक्टर कार्यालय में आवेदन देकर अंतिम चेतावनी दी है प्रदेश अध्यक्ष आचार्य श्री तेजेश्वरानंद ने कहा कि यदि बुधवार तक समिति बदली नहीं गई और राकेश पोरवाल पर एफआईआर दर्ज नहीं हुई तो गुरुवार से जन आंदोलन शुरू होगा। आंदोलन में करणी सेना, बजरंग सेना और हिंदू महासभा समेत कई संगठन शामिल होंगे।

# बड़ा फेरबदल : लंबे समय बाद शिक्षा विभाग में बदली कुर्सियां

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● राज्य शासन के तबादला अभियान में इस बार जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) कार्यालय सबसे अधिक चर्चाओं में रहा। शासन ने विभाग के लगभग सभी प्रमुख अधिकारियों में बदलाव करते हुए नए चेहरों को जिम्मेदारी सौंपी है। वहीं कुछ नए कर्मचारियों की आमद ने भी कार्यालय की कार्यशैली को लेकर नई उम्मीदें जगा दी हैं।

'सबसे पहले सहायक संचालक और अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक का पद संभाल रहे शौर्य मल्होत्रा को डीईओ बनाया गया वही एक वर्ष से जिला शिक्षा अधिकारी का पद संभाल रही शांता स्वामी भार्गव को अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक बनाया गया। इसी तरह सहायक संचालक के पद पर मुलताई के विकासखंड शिक्षा अधिकारी सक्षम बारमेटे को पदस्थ किया गया। इस तरह इस कार्यालय के सभी तीनों पदों पर स्कूलों शिक्षा विभाग ने परिवर्तन कर दिया।




दिलचस्प बात यह है कि जहां जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में व्यापक फेरबदल हुआ है, वहीं संयुक्त संचालक (जेडी) कार्यालय लगभग अछूता रहा। जेडी कार्यालय में किसी बड़े परिवर्तन के नहीं होने से विभागीय गलियारों में इसकी भी चर्चा है कि आखिर बदलाव की आंधी वहां तक क्यों नहीं पहुंची।

डीईओ कार्यालय में वर्षों से एक ही व्यवस्था के तहत काम कर रहे अधिकारियों और कर्मचारियों के बदलने से शिक्षा जगत में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। कई लोगों का मानना है कि यह बदलाव प्रशासनिक कार्यों में नई गति और पारदर्शिता ला सकता है, जबकि कुछ लोग इसे आगामी शैक्षणिक सत्र की चुनौतियों से जोड़कर देख रहे हैं।

विभागीय कर्मचारियों के बीच सबसे अधिक चर्चा इस बात की है कि लंबे समय बाद कार्यालय की कई महत्वपूर्ण सीटों पर नए चेहरे दिखाई देंगे। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि नई टीम शिक्षा व्यवस्था से जुड़े लंबित मामलों, स्कूलों की समस्याओं और प्रशासनिक चुनौतियों का किस तरह समाधान करती है।

## डीपीसी में भी हुआ बदलाव

*जिला परियोजना समन्वयक के पद पर संजय मिश्र की भी बिदाई हो गई है। गौरतलब है कि उनका इंदौर का कार्यकाल काफी हंगामे से भरा रहा। उनकी कार्यशैली को लेकर अनेक शिकायतें हुई लेकिन स्कूली शिक्षा मंत्री के नजदीकी के वरदहस्त के चलते उन पर कोई कारवाही नहीं हुई है। उनकी जगह पर देवास के डीपीसी अजय मिश्र को पदस्थ किया गया है। हालांकि उक्त आदेश को आए हुए अब तक एक हफ्ते हो चुका है लेकिन अभी तक संजय मिश्र को रिलीव नहीं किया गया है। शिक्षा विभाग के अपुष्ट सूत्रों के अनुसार यह ही कहा जा रहा है कि वे अपना ट्रांसफर रुकवाने के प्रयास में लगे हुए है। बहरहाल जिस तरह से इस बार स्कूलों शिक्षा विभाग ने तबादलों को लेकर कड़ा रुख अपनाया है उसे आदेशों को रद्द होने की संभावना नहीं बताई जा रही है।*

## न्यूज ब्रीफ

### चौथी ब्रोंकोपल्मोनरी वर्ल्ड कांग्रेस 2026 का आयोजन 3 से 5 जुलाई को

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● बदलती जीवनशैली, बढ़ते प्रदूषण, धूम्रपान की आदत, संक्रमण और टीबी जैसी बीमारियों के कारण फेफड़ों से जुड़ी समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं। ऐसे समय में मरीजों तक बेहतर और आधुनिक इलाज पहुंचाने के उद्देश्य से देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में चौथी ब्रोंकोपल्मोनरी वर्ल्ड कांग्रेस 2026 का आयोजन 3 से 5 जुलाई तक किया जा रहा है। तीन दिवसीय इस इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में भारत सहित दुनिया के कई देशों के श्वसन रोग विशेषज्ञ, पल्मोनोलॉजिस्ट, क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ, थोरैसिक सर्जन, मेडिकल रिसर्चर और युवा चिकित्सक शामिल होंगे। कॉन्फ्रेंस का मुख्य आयोजन ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में होगा, जबकि इसकी शुरुआत 3 जुलाई को प्री कॉन्फ्रेंस वर्कशॉप के साथ होगी।

### जिले में अब तक साढ़े 7 इंच औसत वर्षा दर्ज

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● इंदौर जिले में जारी मानसून सत्र में अब तक 189.5 मिलीमीटर ( लगभग साढ़े 7 इंच) औसत वर्षा हो चुकी है। यह आंकड़ा गत वर्ष इस अवधि में दर्ज 122.9 मिलीमीटर (लगभग 5 इंच) औसत वर्षा से 66.6 मिलीमीटर (लगभग ढ़ाई इंच) अधिक है। भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज 30 जून की सुबह 8.30 बजे समाप्त हुए पिछले 24 घंटे में वर्षामापी केन्द्र इंदौर में 0.2 मिलीमीटर, महू में 47 मिलीमीटर, सांवेर में 00 मिलीमीटर, देपालपुर में 44.8 मिलीमीटर, गौतमपुरा में 47.6 मिलीमीटर तथा हातोद में 17 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### बगैर अनुमति के आयोजन करने पर प्रतिबंध

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● इंदौर नगर मेट्रोपॉलिटन की सीमा में कानून व्यवस्था को कायम रखने/जन सामान्य के हित/जानमाल एवं लोक शांति को बनाये रखने हेतु इन्दौर नगरीय सीमा में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए हैं। इस संबंध में पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह ने भारतीय नागरिक संहिता की धारा 163 के तहत आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार इंदौर नगरीय सीमा में कोई भी धार्मिक संस्था / राजनैतिक संगठन/अन्य समूह जैसे वेतन भोगी, शासकीय कर्मचारी आदि संगठन जब तक किसी आयोजन की विधिवत् सक्षम अधिकारी से अनुमति प्राप्त नहीं कर लेते, तब तक उस आयोजन को करना प्रतिबंधित किया गया है ।

### बोतल या अन्य किसी खुले रुप में पेट्रोल व अन्य ज्वलनशील पदार्थों के विक्रय पर प्रतिबंध

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● इन्दौर नगर (मेट्रोपोलिटन) की सीमा में कानून व्यवस्था को कायम रखने/जन सामान्य के हित/जानमाल एवं लोक शांति को बनाये रखने हेतु पेट्रोल पंप से डिब्बे तथा बोतल या अन्य किसी खुले रुप में पेट्रोल एवं अन्य ज्वलनशील पदार्थों के विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया है। पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह द्वारा इस संबंध में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत आदेश जारी किये गये हैं।

### सोशल मीडिया पर जातिगत भावनाओं को भड़काने संबंधित संदेशों का प्रसारण प्रतिबंधित

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● इंदौर में सोशल मीडिया के प्लेटफार्मस पर साम्प्रदायिक, सामाजिक एवं जातिगत भावनाओं एवं विद्वेष को भड़काने संबंधी किसी भी प्रकार के संदेशों के प्रसारण पर प्रतिबंध लगाया गया है। पुलिस आयुक्त ने भारतीय सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। आदेश का उल्लंघन करने वालो के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत दंडनीय कार्रवाई की जाएगी।

# बरसते पानी में गूंजा जल संरक्षण का संदेश, बावड़ी उत्सव में लिया जल बचाने का संकल्प

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, जिला इंदौर द्वारा संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान-2026 के समापन अवसर पर इंदौर विकासखंड के ग्राम देव गुराड़िया स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर में विकासखंड स्तरीय बावड़ी उत्सव का आयोजन किया गया। खास बात यह रही कि लगातार हो रही तेज बारिश के बावजूद ग्रामीणों, स्वयंसेवकों और जन अभियान परिषद से जुड़े कार्यकर्ताओं का उत्साह कम नहीं हुआ और कार्यक्रम पूरे उत्साह के साथ संपन्न हुआ।



कार्यक्रम की शुरुआत जल संरक्षण विषय पर आयोजित संगोष्ठी से हुई। विकासखंड समन्वयक प्रवेश शर्मा ने जल गंगा संवर्धन अभियान के उद्देश्यों और विभिन्न गतिविधियों की जानकारी देते हुए कहा कि जल स्रोतों का संरक्षण, उनका पुनर्जीवन और अधिक से अधिक वृक्षारोपण समय की आवश्यकता है। उन्होंने सभी से जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने की अपील की।

इसके बाद मंदिर परिसर में स्थित प्राचीन एवं पवित्र जल कुंड को फूलों और दीपों से सजाकर विधि-विधान से जल स्रोत का पूजन एवं आरती की गई। उपस्थित सभी लोगों ने जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर कार्य करने का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में पारंपरिक जल स्रोतों के महत्व को पुन: स्थापित करना तथा नई पीढ़ी को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में नवांकुर संस्था बिहारीलाल स्वतंत्रता सेनानी बाल विकास समिति के अध्यक्ष अरुण पांडे, वरेण्यम समाज कल्याण समिति (वीएसकेएस) के अनिल धारवा, प्रस्फुटन समिति के आनंद पटेल, नीतू चौधरी, रचना पांडे, दिनेश चौहान, मेंटर मीनाक्षी मिश्रा, शिवफूल पगारे, हरिओम दांगी, सुनील सराठे, वीरेंद्र तिवारी, सीएमसीएलडीपी के विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# किरायेदारों, कर्मचारियों की जानकारी पुलिस को देना अनिवार्य

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● इंदौर शहर में कानून व्यवस्था को कायम रखने/जन सामान्य के हित/जानमाल एवं लोक शांति को बनाये रखने हेतु किरायेदारों, घरेलू कामगारों, कर्मचारियों, हॉस्टल में रहने वाले विद्यार्थियों, पेइंग गेस्ट आदि की जानकारी संबंधित थाने पर दिया जाना अनिवार्य किया गया है। इस संबंध में पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह ने प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये हैं। जारी आदेश के अनुसार किरायेदारों की सूचना संबंधित मकान/दुकान मालिक द्वारा संबंधित थाने पर विहित प्रारूप में दी जाना होगी। इसके पूर्व मकान/दुकान किराये से नहीं दी जाये। साथ ही आई.डी. प्रूफ आवश्यक रूप से लिया जाये। घरेलू कामगारों एवं व्यावसायिक कर्मचारियों की सूचना भी संबंधित मालिक द्वारा थाने पर विहित प्रारूप में देना होगी। उनसे भी आई.डी.प्रूफ आवश्यक रूप से लेना होगा।



# बलिदान दिवस पर किया पौधारोपण

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● निषाद वंशीय आदिवासी भोई कहार माझी समाज अहिल्या पलटन क्षेत्र इन्दौर उज्जैन संभाग द्वारा समाधान निषाद एवं लोचन निषाद वीर क्रांतिकारी 1857 में अंग्रेजों को कानपुर में सतीचौरा घाट, कानपुर में क्रांति का बिगुल बजाया था।

समाधान निषाद एवं लोचन निषाद वीर को एवं साथ में निषाद समाज के 167लोगों को कच्ची फांसी पेड़ों पर खुले आम चढ़ा दिया गया था। इन वीरों के बलिदान दिवस 27 जून को समाज बंधुओं द्वारा पौधारोपण कर मनाया गया। इस अवसर पर समाज के महामहिम उमाशंकर रायकवार, हेमा कश्यप, निषाद वंशीय आदिवासी भोई कहार माझी समाज अहिल्या पलटन क्षेत्र इन्दौर उज्जैन संभाग के अध्यक्ष गणेश प्रसाद रायकवार, सुभाष रायकवार, मोहन रायकवार, सुनील रायकवार, आनंद कुमार रायकवार,जीवन रायकवार, विनोद डारिया, मनोज गौड़, विजय रायकवार,आलोक लाखन पहलवान,मोनू रायकवार, शैलू रायकवार, समाज सेवी, सचिन रायकवार, संदीप रायकवार, श्याम प्रेमराज रायकवार, संजय गड़कर, रितेश अन्नू वर्मा, मयंक श्याम रायकवार, अड्डु डारिया ,पुलो दादा आदि इस कार्यक्रम में उपस्थित, हेमाजी कश्यप उमाशंकर रायकवार जी गणेश प्रसाद रायकवार कप्तान सुभाष रायकवार मोहन रायकवार सुनील वर्मा जी ने वृक्षारोपण किया गया।

# बिजली उपभोक्ता अनजान लिंक मैसेज को नजरंदाज करें

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने उपभोक्ताओं से अधिकृत संदेश पर ही ध्यान देने व अनजान मोबाइल नंबर से आए संदेशों, फाइल, वाट्सएप फाइल को लेकर अत्यंत सावधानी रखने की अपील की हैं। कंपनी ने कहा कि कंपनी वाट्सएपर बिल किसी नंबर की बजाए mppkvvcl indore नाम से और अधिकृत एसएमएस mpsebw-S नाम से भेजती हैं, इसी तरह के मैसेज पर ध्यान दिया जाए। अन्य नंबरों से आए मैसेज, वाट्सएप व APK फाइल को पूरी तरह फर्जी मानकर नजरंदाज किया जाए। फर्जी संदेश, लिंक, APK फाइल से आपका मोबाइल तुरंज हैक हो जाएगा, मोबाइल की कमांड फर्जी व्यक्तियों के पास तुरंत पहुंचा जाएगी, व आपका बैंक बैलेंस, डाटा चुरा लिया जाएगा। कंपनी ने सम्माननीय उपभोक्ताओं से सतर्क रहना का विनम्र निवेदन किया हैं। कंपनी ने कहा कि आप अपने बिजली बिल जोन , वितरण केंद्र, पेटीएम, फोन पे, गुगल पे, भारत पे, कंपनी वेबसाइट mpwz.co.in, URJAS एप के माध्यम से जमा कर सकते हैं। किसी नंबर विशेष पर कभी भी भुगतान नहीं किया जाए।--

**सूर्यघर योजना में दी 416 करोड़ की सब्सिडी**-पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी क्षेत्र में अब तक 74 हजार से ज्यादा स्थानों पर रूफ टॉप सोलर संयंत्र लग चुके हैं। पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना में पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी क्षेत्र मे संयंत्र लगाने वाले उपभोक्ताओं को अब तक 416 करोड़ रूपए से अधिक की सब्सिडी वितरित की जा चुकी हैं। योजना में प्रति घरेलू उपभोक्ता रूफ टॉप सोलर नेट मीटर स्थापित करने पर अधिकतम 78 हजार रूपए की सब्सिडी डीबीटी से प्रदान की जाती हैं।

# सड़क सुरक्षा को लेकर हेलमेट और सीट बेल्ट पर रहेगा विशेष फोकस

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और जनहानि रोकने के उद्देश्य से जिला सड़क सुरक्षा समिति की महत्वपूर्ण बैठक सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष न्यायमूर्ति श्री अभय मनोहर सप्रे की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर शिवम वर्मा, नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, डीसीपी ट्रैफिक राजेश त्रिपाठी, इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. परीक्षित झाड़े, अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पवार, स्मार्ट सिटी के सीईओ अर्थ जैन, अपर आयुक्त नगर निगम आकाश सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।



बैठक में कलेक्टर शिवम वर्मा ने सड़क सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। न्यायमूर्ति सप्रे ने सड़क सुरक्षा के सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं की गहन समीक्षा की। इसमें ब्लैक स्पॉट्स पर किए गए सुधार कार्य, चालानी कार्रवाई, हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग की स्थिति, आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था और सड़क सुरक्षा शिक्षा जैसे विषय शामिल रहे।

# बॉम्बे हॉस्पिटल-तुलसी नगर मार्ग पर धंसी सड़क बनी हादसों का कारण

## रहवासियों ने प्रशासन से की तत्काल मरम्मत की मांग

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● शहर के व्यस्ततम मार्गों में शामिल बॉम्बे हॉस्पिटल-तुलसी नगर रोड पर चिल्ली चटनी रेस्टोरेंट के सामने सड़क का एक हिस्सा करीब दो से तीन फीट तक धंस गया है। सड़क के बीच बने इस गहरे गड्ढे ने राहगीरों और वाहन चालकों की चिंता बढ़ा दी है। स्थानीय रहवासियों का कहना है कि समय रहते इसकी मरम्मत नहीं की गई तो यहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

राधिका पैलेस कॉलोनी के निवासी रूपेश शर्मा के अनुसार, पिछले वर्ष नगर निगम ने इसी स्थान पर वर्षा जल निकासी के लिए स्टॉर्म वॉटर लाइन बिछाई थी। लेकिन निर्माण कार्य पूरा होने के बाद सड़क की समुचित मरम्मत और कंक्रीटिंग नहीं की गई। इसका परिणाम यह है कि हर वर्ष बरसात के दौरान इस हिस्से में पानी जमा हो जाता है और सड़क की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है।

रहवासियों का कहना है कि कुछ समय पूर्व सड़क का यह हिस्सा धंसकर गहरे गड्ढे में तब्दील हो गया, लेकिन अब तक नगर निगम और इंदौर विकास प्राधिकरण द्वारा इसकी मरम्मत के लिए कोई पहल नहीं की गई है।

तुलसी नगर निवासी राजेश तोमर, राकेश जायसवाल और अमोल पाटिल ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि यह मार्ग प्रतिदिन हजारों लोगों द्वारा उपयोग किया जाता है। ऐसे में सड़क का धंसा हुआ हिस्सा गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकता है। उन्होंने संबंधित विभागों से जनहित में शीघ्र मरम्मत कार्य प्रारंभ कराने की अपील की है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बरसात के मौसम में स्थिति और भी खतरनाक हो सकती है, क्योंकि पानी भरने से गड्ढे की गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका कई गुना बढ़ जाती है।

# चिन्हित दवाइयों का विक्रय केवल रजिस्टर्ड मेडिकल पर ही होगा

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम/जनसामान्य के स्वास्थ्य हित/जानमाल एवं लोक शांति को बनाये रखने हेतु पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह ने इन्दौर नगर (मेट्रोपोलिटन) की सीमा में चिन्हित दवाइयों का विक्रय केवल रजिस्टर्ड मेडिकल प्रेक्टिशनर के लिखित प्रिस्क्रिप्शन पर ही करने के संबंध में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये हैं। जारी आदेश के अनुसार समस्त नाईट्राजेपाम टेबलेट्स (समस्त नाईट्रावेट टेबलेट्स), समस्त क्लोनेजेपाम टेबलेट्स, समस्त डायजेपाम टेबलेट्स, समस्त ऑक्साजीपाम टेबलेट्स,समस्त इटिजोलाम टेबलेटस,समस्त एल्प्राजोलम टेबलेटस, समस्त कोडीन फास्फेट सिरप / टेबलेटस, क्लोजापाम टेबलेटस (फीजीयम टेबलेट आदि) का विक्रय केवल रजिस्टर्ड मेडिकल प्रेक्टिशनर के लिखित प्रिस्क्रिप्शन पर ही किया जायेगा।

# गैस पाइपलाइन ब्लास्ट में झुलसे 3 लोगों ने भी ली हाईकोर्ट की शरण




दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● इंदौर में पिछले दिनों बोरिंग खुदाई के दौरान अवंतिका गैस पाइप लाइन में ब्लास्ट हो गया था। हादसे में झुलसी कंटेंट क्रिएटर गिरी राजकुमारी उर्फ जिनी झाला के मामले में सोमवार को मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर बेंच में सुनवाई हुई। हादसे में झुलसे लोग बॉम्बे हॉस्पिटल में एडमिट हैं, उनकी ओर से भी इंटरविनर के रूप में वकीलों ने कोर्ट में आवेदन लगाया है। जिसमें बताया है कि हॉस्पिटल से हमें जल्दी डिस्चार्ज किया जा रहा है। हमारा भी समुचित इलाज होना चाहिए ताकि इन्फेक्शन का खतरा न रहे।

हादसे में घायल गोपाल मालाकार (10-15%) और सुभाष ठाकुर (10-12% झुलसे) में हैं। जबकि एक अन्य भी झुलसा है। दूसरी ओर याचिकाकर्ता की ओर से एडवोकेट श्रवण कुमार लाहोटी ने बताया कि जिनी को अहमदाबाद एयरलिफ्ट करने के बाद उसका इलाज जारी है। मामले में पुलिस ने पुलिस ने ठेकेदार और बोरिंग वाहन के ड्राइवर पर केस दर्ज किया है जबकि जिसने बोरिंग के लिए बुलवाया था उसके खिलाफ नहीं की गई है। सुनवाई में नगर निगम की ओर से रिपोर्ट पेश नहीं की गई लेकिन मौखिक रूप बताया गया कि इसमें निगम की किसी अधिकारी का दोष नहीं है।

# एक साथ 12 उद्यानिकी फसलों को मिला जी आई टैग

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश ने इतिहास बनाते हुए एक साथ 12 उद्यानिकी फसलों के लिए जी आई टैग हासिल करने में सफलता हासिल की है। देश में यह पहली बार हुआ है जब एक साथ इतनी बड़ी संख्या में जीआई टैग मिला है। इनमें गुना का धनिया, नरसिंहपुर बरमान घाट का बेंगन, बैतूल गजरिया आम, खरगौरी की लाल मिर्च, मांडू की खुरसानी इमली, जबलपुर का मटर, सिवनी का सीताफल, मालवी आलू और गराडू, नरसिंहपुर गुड, जबलपुर सिंघाड़ा, आलीराजपुर का नूरजहां आम, बुरहानपुर का केला, इंदौरी जीरावन, रतलाम सैलाना बालम ककड़ी और छतरपुर का पान शामिल है। इसके अलावा उज्जैन की इमली, आलीराजपुर का अचारी आम, मालवा का सफेद प्याज, झाबुआ का दाल पानिया, मंदसौर का देशी जीरा, बुरहानपुर की जलेबी, अशोक नगर की खिरनी को जी आई टैग दिलवाने के लिए प्रस्ताव भेजा गया है।

# प्रॉपर्टी कारोबारी ने दी जान

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● इंदौर के पास खुड़ैल क्षेत्र में रहने वाले एक प्रॉपर्टी कारोबारी ने कर्ज से परेशान होकर सल्फास खाकर आत्महत्या कर ली। कारोबारी का शव मंगलवार शाम पिपलादा स्थित हनुमान मंदिर के पीछे कुएं के पास मिला। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने मौके से मिले सुसाइड नोट के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

खुड़ैल पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान बहादुर सिंह (45) पुत्र अतरसिंह परिहार निवासी ग्राम शिवनी के रूप में हुई है। बहादुर सिंह खुड़ैल क्षेत्र के बड़े प्रॉपर्टी कारोबारी थे। परिवार में पत्नी, एक बेटा और एक बेटी हैं, जबकि अन्य परिजन अलग रहते हैं। पुलिस के मुताबिक बहादुर सिंह मंगलवार सुबह करीब 5 बजे घर से निकल गए थे। करीब 11:30 बजे उन्होंने कुछ दोस्तों को मैसेज किए, जिसमें उन्होंने कर्ज नहीं चुका पाने की बात लिखी और जीवन समाप्त करने की जानकारी दी। मैसेज मिलते ही दोस्तों ने उन्हें कॉल करना शुरू किया और तलाश में जुट गए। लेकिन शाम को उनका शव हनुमान मंदिर के पास मिला।



बहादुर सिंह ने सुसाइड नोट में लिखा कि वह अपनी मर्जी से यह कदम उठा रहे हैं। उन्होंने परिवार के लोगों को परेशान नहीं करने की अपील की। नोट में लिखा कि उनका परिवार काफी सुखी था, लेकिन भगवान को कुछ और मंजूर था। उन्होंने अपनी मौत का कारण सिर्फ कर्ज को बताया। उन्होंने लिखा कि वह कर्ज से काफी परेशान हो चुके हैं और अब जीवन समाप्त करना ही उचित समझ रहे हैं। उन्होंने यह भी लिखा कि परिवार को इस बात का आभास नहीं था कि ऐसा कुछ होने वाला है। डायरी में पूरे लेन-देन और हिसाब-किताब की जानकारी लिखी है, जो परिवार को मिल जाएगी।

20 किलोमीटर लंबा चक्कर लगाने को मजबूर क्षेत्र के हजारों लोग

# तीन साल से बंद मांगलिया रेलवे क्रॉसिंग

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● मांगलिया रेलवे क्रॉसिंग पर तीन वर्षों से बंद पड़े रेलवे ब्रिज के कारण मांगलिया-व्यासखेड़ी रोड़ पूरी तरह बंद है। अब बारिश शुरू होते ही रेलवे लाइन के नीचे नाले से होकर गुजरने वाला वैकल्पिक कच्चा रास्ता भी पानी भरने से बंद हो गया है। इससे अगरबत्ती फैक्ट्रियों में काम करने वाली महिलाओं, स्कूल-कॉलेज जाने वाले छात्र-छात्राएं परेशानी का सामना कर रहे हैं।

**कीचड़ और पानी से भरे रास्ते से गुजरने की मजबूर:** स्थानीय लोगों ने बताया ब्रिज बंद होने के बाद से फैक्ट्री में काम करने वाली महिलाएं और बच्चे रेलवे लाइन के नीचे नाले के किनारे बने जंगल के कच्चे रास्ते से होकर आवाजाही कर रहे थे। बारिश के बाद नाले में पानी आ जाने से यह रास्ता भी बंद हो गया है। अब लोगों के पास 20 किलोमीटर लंबा चक्कर लगाकर जाने के अलावा





### व्यापारियों का कारोबार ठप

रोड़ बंद होने से मांगलिया के व्यापारी और छोटे दुकानदारों का कारोबार भी बुरी तरह प्रभावित हुआ है। ग्राहकों की आवाजाही रुकने से दुकानें खाली पड़ी हैं। स्थानीय दुकानदारों का कहना हैं कि तीन साल से हालात बद से बदतर हो गए हैं।

### क्रॉसिंग खोलने की मांग

रहवासियों और किसान नेता ने मांग की है कि बारिश का मौसम व मांगलिया क्षेत्र के निवासियों की तकलीफ को देखते हुए रेलवे क्रॉसिंग को जल्द से जल्द खोला जाए। हजारों लोग रोज परेशान हो रहे हैं, लेकिन कोई देखने वाला नहीं है। प्रशासन को तुरंत वैकल्पिक व्यवस्था करना चाहिए या ब्रिज का काम पूरा कर रास्ता खोलना चाहिए।

# देवास नाका की जर्जर सड़कों से थम गया कारोबार, रोजी-रोटी का संकट गहराया

## मालवाहक वाहनों की आवाजाही प्रभावित, करोड़ों का माल अटका

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● देवास नाका और लसूड़िया मोरी स्थित एसआर-एसडीए कंपाउंड की जर्जर सड़कों ने प्रदेश के सबसे बड़े मेडिसिन और ट्रांसपोर्ट हब की रफ्तार थाम दी है। ड्रेनेज लाइन बिछाने के बाद सड़क की मरम्मत नहीं होने और लगातार बारिश के कारण पिछले एक सप्ताह से मालवाहक वाहनों का संचालन बुरी तरह प्रभावित है।

इससे हजारों मजदूरों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है, वहीं करोड़ों रुपये का माल गोदामों और डिपो में फंसा हुआ है। एसोसिएशन ऑफ पार्सल ट्रांसपोर्ट एवं फ्लीट ओनर्स के अध्यक्ष राकेश तिवारी ने बताया कि क्षेत्र में हजारों ड्राइवर, क्लीनर और मजदूर काम नहीं मिलने से परेशान हैं। सड़कों पर बने गहरे



गड्ढों के कारण छोटे वाहन पलटने और लोगों के घायल होने की घटनाएं भी बढ़ रही हैं, जबकि मालवाहक ट्रक रोजाना कीचड़ और गड्ढों में फंस रहे हैं। व्यापारियों के मुताबिक, हजारों डिपो और गोदामों से दवाइयों, कृषि उत्पादों, कंज्यूमर गुड्स और अन्य जरूरी सामान की आपूर्ति प्रभावित हो रही है। रोजाना आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। एसोसिएशन ने आरोप लगाया कि ड्रेनेज लाइन का निर्माण कार्य गुणवत्ता के अनुरूप नहीं हुआ और ठेकेदार अधूरा काम छोड़कर चला गया। ट्रांसपोर्टर्स ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सड़कों की मरम्मत नहीं की गई तो पार्सल और गुड्स परिवहन कार्य अनिश्चितकाल के लिए बंद करने को मजबूर होंगे।

### 150 से 200 ट्रक मुरम डालने की मांग

एसोसिएशन ने महापौर पुष्यमित्र भार्गव और जलकार्य प्रभारी अभिषेक बबलू शर्मा से मांग की है कि तत्काल 150 से 200 ट्रक हार्ड मुरम डालकर सड़क को यातायात योग्य बनाया जाए, ताकि मालवाहक वाहनों की आवाजाही शुरू हो सके। उनका कहना है कि सड़कें ठीक रहेंगी तभी मजदूरों को रोजगार मिलेगा। साथ ही स्थायी मरम्मत और दोषी अधिकारियों व ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग की गई है।

# पिनैकल डिजायर में पर्दे के पीछे इंदौर की ही कंपनी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर के सबसे चर्चित पिनैकल प्रोजेक्ट में एक बड़ी बिसात बिछ गई है। मामला कंपनी के सुपर कॉरिडोर पालाखेड़ी स्थित प्रोजेक्ट पिनैकल डिजायर का है। इस दिवालिया प्रोजेक्ट को लेने के लिए फ्रंट में अहमदाबाद की कंपनी आई है।

इंदौर में साल 2009-10 के दौरान आशीष दास और पुष्पेंद्र बढ़ेरा की कंपनी जेएसएम देवकांस इंडिया प्रा. लि. ने एक के बाद एक तीन प्रोजेक्ट शुरू किए थे। लेकिन साल 2016 तक कंपनी दिवालिया हो गई और तीनों प्रोजेक्ट बंद हो गए। इसके बाद ये मामले एनसीएलटी में पहुंच गए।

इनमें पहला प्रोजेक्ट निपानिया का पिनैकल ड्रीम्स था, जहां बहुमंजिला इमारतें और लग्जरी फ्लैट बनाए जाने थे। दूसरा प्रोजेक्ट पिनैकल ग्रांड था। तीसरा और सबसे बड़ा प्रोजेक्ट पिनैकल डिजायर था, जो सुपर कॉरिडोर के पालाखेड़ी इलाके में करीब 50 एकड़ जमीन पर लाया गया था। अब इसी पिनैकल डिजायर प्रोजेक्ट को टेकओवर करने की तैयारी अंतिम चरण में है।

पिनैकल डिजायर प्रोजेक्ट सुपर कॉरिडोर के पालाखेड़ी इलाके में करीब 50 एकड़ की कीमती जमीन पर लाया गया था। इस प्रोजेक्ट को आशीष दास और पुष्पेंद्र बढ़ेरा ने अपनी कंपनी जेएसएम देवकांस इंडिया प्रा. लि. के जरिए शुरू किया था। प्रोजेक्ट में 600 से ज्यादा छोटे-बड़े प्लॉट काटे गए थे। कई लोगों ने यहां प्लॉट खरीदे और उनकी रजिस्ट्री भी कराई। खरीदारों ने करीब 50 करोड़ रुपए से ज्यादा की रकम आधिकारिक रूप से जमा की थी। कंपनी ने जमीन करीब 550 रुपए प्रति वर्गफीट के हिसाब से बेचने की बात कही थी। बाद में कंपनी दिवालिया हो गई और पूरा प्रोजेक्ट एनसीएलटी में चला गया। इस प्रोजेक्ट में सिक्योर्ड, अनसिक्योर्ड क्रेडिटर यानी कर्ज देने वालों के साथ ही प्लॉट की खरीदी करने वालों की डिमांड राशि रखी गई है। हाल ही में कमेटी ऑफ क्रेडिटर्स की बैठक हुई है। इसमें सभी की कुल 89 करोड़ की डिमांड राशि की बात रखी गई,

मध्य प्रदेश में शराब पीने के आंकड़ों का विश्लेषण

# प्रदेश में महिलाओं के शराब सेवन के आंकड़ों ने राष्ट्रीय औसत को भी पीछे छोड़ा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ●मध्य प्रदेश में शराब पीने के पैटर्न में बदलाव दिख रहा है, जो मिली-जुली तस्वीर पेश करता है। हालिया नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे से पता चलता है कि राज्य में शराब पीने वाली महिलाओं के प्रतिशत में मामूली बढ़ोतरी हुई है, जिससे मध्य प्रदेश राष्ट्रीय औसत से थोड़ा ऊपर आ गया है। वहीं, पुरुषों में शराब पीने की दर राष्ट्रीय औसत से थोड़ी कम बनी हुई है, हालांकि पिछले सर्वे की तुलना में इसमें भी बढ़ोतरी हुई है।

सर्वे के नतीजे सरकारी आंकड़ों के साथ आए हैं, जिनसे पता चलता है कि शराब की बिक्री में ज़बरदस्त बढ़ोतरी हुई है। इसमें 'ठंडी बीयर' राज्य में सबसे ज़्यादा पसंद की जाने वाली शराब बनकर उभरी है, जिसने देसी शराब और भारतीय-निर्मित विदेशी शराब दोनों को पीछे छोड़ दिया है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा 29 मई को जारी नवीनतम राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य



सर्वेक्षण के अनुसार, मध्य प्रदेश में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु की 1.2% महिलाएं शराब का सेवन करती हैं, जो 1.1% के राष्ट्रीय औसत से थोड़ा अधिक है। ताज़ा आंकड़े (2019-21) के मुक़ाबले थोड़ी बढ़ोतरी दिखाते हैं, जब मध्य प्रदेश में 1% महिलाओं ने शराब पीने की बात कही थी।

दिलचस्प बात यह है कि राष्ट्रीय स्तर पर रुझान इसके उलट रहा है। पूरे भारत में, शराब पीने वाली महिलाओं का अनुपात (2019-21) के 1.3% से घटकर (2023-24) में 1.1% हो गया। जहाँ देश में महिलाओं के शराब पीने में कमी देखी गई, वहीं मध्य प्रदेश में मामूली बढ़ोतरी दर्ज की गई। पुरुषों की बात करें तो, मध्य प्रदेश में 15 साल और उससे ज़्यादा उम्र के 18.5% पुरुषों ने शराब पीने की बात कही, जो 18.9% के राष्ट्रीय औसत से थोड़ा कम है।

# मेघालय पुलिस ने सोनम रघुवंशी की गिरफ्तारी चेकलिस्ट में राजा की हत्या का जिक्र ही नहीं- हाईकोर्ट

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● पूरे देश को हिला देने वाले शिलांग हनीमून मर्डर केस में इंदौर की सोनम रघुवंशी की जमानत जारी रहेगी। हाईकोर्ट शिलांग द्वारा जारी आदेश में साफ लिखा है कि मेघालय पुलिस अधिकारियों ने विवेक का उपयोग नहीं किया है।

मेघालय पुलिस ने इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की हत्या का खुलासा 9 जून 2025 को किया था। इस मामले में पुलिस ने राजा की पत्नी सोनम रघुवंशी को उत्तर प्रदेश के गाजीपुर से गिरफ्तार किया था। बाद में 27 अप्रैल 2026 को जिला कोर्ट ने सोनम को जमानत दे दी।

कोर्ट ने माना कि गिरफ्तारी के दौरान मेघालय पुलिस ने जरूरी कानूनी प्रक्रिया पूरी नहीं की। पुलिस ने सोनम को यह भी साफ तौर पर नहीं बताया कि उसे किस वजह से गिरफ्तार किया जा रहा है। इसे संविधान के अनुच्छेद 22 के तहत मिले मौलिक अधिकारों का उल्लंघन माना गया। इसके अलावा दस्तावेजों में



बीएनएस की धारा 103(1) की जगह गलती से 403(1) लिख दी गई थी।

सोनम की जमानत के खिलाफ मेघालय पुलिस हाईकोर्ट पहुंची। शिलांग हाईकोर्ट ने 20 पेज का आदेश जारी करते हुए पुलिस की कई गंभीर लापरवाहियों का जिक्र किया।

**चेकलिस्ट में राजा की हत्या लिखी ही नहीं**-सोनम रघुवंशी को 9 जून 2025 को गाजीपुर से गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी के समय उससे एक चेकलिस्ट पर हस्ताक्षर कराए गए थे। इस चेकलिस्ट में सोनम से 17 सवाल पूछे गए थे।

# प्रतिबंध के बावजूद बीच सड़क पर पार्षद ने विधायक निधि से कराया बोरिंग

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● सफाई में नंबर वन इंदौर में अजब-गजब मामला हुआ है। यहां सड़क के बीचों बीच पार्षद ने बोरिंग करवा दी। यह बोरिंग विधायक निधि से हुई है। यह बोरिंग भी तब हुई जब इंदौर में इस पर रोक है और प्रतिबंधात्मक धारा लगी हुई है।

इंदौर में सड़क के बीचों बीच बोरिंग हो गई है। यह बोरिंग वार्ड 50 में गिरधर नगर में हुई है। यहां के पार्षद बीजेपी के राजीव जैन है। हाल ही में इंदौर में हुए भयंकर जलसंकट के बाद बोरिंग को लेकर मांग हुई। इस पर इंदौर पांच के क्षेत्रीय विधायक महेंद्र हार्डिया विधायक निधि से राशि मंजूर की और पार्षद ने बोरिंग करवा दी।

### पार्षद बोले रहवासियों ने ही कराई वहां

पार्षद राजीव जैन ने इस मामले में द सूत्र से कहा कि यह बोरिंग खुद रहवासियों ने ही सड़क के बीच में कराई है। मैं भी रात को मौके पर था। रहवासियों को समझाया था। लेकिन रहवासी बोले कि एक और सीवरेज लाइन है और एक और नर्मदा लाइन है। ऐसे में किनारे पर बोरिंग नहीं हो सकती है। इसके बाद उन्होंने ही तय किया कि इसे सड़क के बीच में कराई जाए।

**सड़क के बीच में हो गई बोरिंग**- यह बोरिंग करीब सप्ताह भर पहले कराई गई है। इस दौरान पार्षद भी रात को मौके पर मौजूद रहे। यह बोरिंग गिरधर नगर की गली नंबर 1 में की गई है। अब आने-जाने वालों वाहन चालकों और लोगों को अपनी जिम्मेदारी से ही निकलना होता है, कोई भी कभी भी इस बोरिंग से टकरा सकता है।

**हाल में अवंतिका गैस लाइन पर हो रही थी बोरिंग**- हाल ही में इंदौर में अवंतिका गैस लाइन में विस्फोट का मामला आया था, जिसमें चार लोग झुलस गए थे। यहां भी बीजेपी पार्षद बालमुकुंद सोनी को लेकर आरोप लगे कि वह बोरिंग करवा रहे थे। बोरिंग के दौरान बिना जांच किए बोरिंग के लिए मशीन गैस लाइन पर चला दी जिससे विस्फोट हुआ।

# दिन में बिजली के उपयोग पर मिलेगी 20 प्रतिशत छूट

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश में बिजली बिल का फॉर्मेट पूरी तरह बदल गया है। MPEB(MPMKVVCL) ने बिल को दो पेज का कर दिया है। अब बिल में पिछले साल की खपत से तुलना भी दिखेगी। पॉवर फैक्टर, मैक्सिमम डिमांड और TOD बिलिंग की जानकारी भी जुड़ गई है। सुबह 9 से शाम 5 के बीच बिजली इस्तेमाल पर 20% तक छूट मिलेगी। मध्यप्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं के लिए बड़ी खबर है। MPEB ने बिजली बिल का नया फॉर्मेट लागू कर दिया है। बिल अब पहले जैसा नहीं रहेगा। इसमें कई नई जानकारियां जुड़ गई हैं।

नए फॉर्मेट से उपभोक्ताओं को कई फायदे मिलेंगे। आप अपनी खपत को बेहतर ढंग से समझ




पाएंगे। सही समय पर बिजली इस्तेमाल करके पैसे भी बचा सकेंगे। स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ताओं को यह डिटेल इस जून के बिल में ही मिल रही है।

**नया बिल कैसा होगा**-पहले बिजली का बिल एक पेज का होता था। अब वही बिल दो पेज में आ रहा है। दूसरे पेज पर खपत की पूरी डिटेल लिखी होगी।

### पॉवर फैक्टर भी अब बिल पर

नए बिल में पॉवर फैक्टर यानी PF (Power Factor) भी दिखाया जाएगा। घरेलू बिल में यह पहली बार जोड़ा गया है। PF का सीधा मतलब है, घर में बिजली कितनी असरदार ढंग से इस्तेमाल हो रही है। बिल पर लिखा नंबर देखकर आप अपनी स्थिति समझ सकते हैं। 0.9 से ऊपर PF बहुत बढ़िया माना जाता है। 0.85 से कम PF हो तो सुधार की जरूरत है। राहत की बात यह है कि घरेलू उपभोक्ताओं पर अभी कोई पेनल्टी नहीं है। यह सिर्फ जानकारी के लिए दिखाया जा रहा है। एसी (AC - Air Conditioner), फ्रिज और मोटर PF कम करते हैं।

सबसे काम की चीज है पिछले साल से तुलना। अब बिल में पिछले साल इसी महीने की खपत भी दिखेगी। गर्मी या सर्दी में खपत कितनी बदली, तुरंत पता चलेगा। बिना वजह बिल बढ़ा हो तो मीटर जांच करवा सकते हैं।

**MD यानी मैक्सिमम डिमांड**-बिल में एक और नया शब्द दिखेगा MD— MD यानी मैक्सिमम डिमांड (MD - Ma&imum Demand) किलोवाट यानी kW (kW - Kilowatt) में आएगी। इसका मतलब है, महीने में एक समय आपने सबसे ज्यादा लोड कितना लिया। यह जानकारी बहुत काम की है। अगर MD आपके सैंक्शंड लोड से ज्यादा हो जाए, तो पेनल्टी लगेगी। ऐसे में आपको कनेक्शन का लोड बढ़वाना होगा।

# निगम का बुलडोजर एक्शन : बगीचे की जमीन पर बन रहा पक्का मकान ढहाया

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● नगर निगम ने मंगलवार को अतिक्रमण और जर्जर भवनों के खिलाफ दो मोर्चों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए साफ संदेश दिया कि सरकारी जमीन पर कब्जा और नागरिकों की सुरक्षा से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निगम की रिमूवल टीम ने एक ओर बगीचे के लिए आरक्षित भूमि पर बन रहे करीब 2,000 वर्गफीट के अवैध मकान को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया, वहीं दूसरी कार्रवाई में गिरने की कगार पर पहुंचे एक जर्जर मकान के खतरनाक हिस्से को हटाकर संभावित हादसा टाल दिया। जोन-16 की टीम पुलिस बल और



जेसीबी मशीनों के साथ वार्ड-14 स्थित सुविधि नगर (ग्राम छोटा बांगड़दा) पहुंची। यहां खसरा नंबर 363, 363/3, 364/5 एवं 364/1 के प्लॉट क्रमांक 41-बी और 42-बी पर कॉलोनी के स्वीकृत लेआउट में बगीचे के लिए आरक्षित भूमि पर अवैध मकान बनाया जा रहा था।

**चार नोटिस के बाद चला बुलडोजर**-निगम अधिकारियों के अनुसार पुष्पावती पति रामपाल यादव द्वारा करीब 2,000 वर्गफीट क्षेत्रफल में मकान का निर्माण किया जा रहा था। निगम ने कार्रवाई करते हुए पूरे निर्माण को ध्वस्त कर दिया। क्षेत्रीय भवन

**छोटी ग्वालटोली में टला बड़ा हादसा**-दिन की दूसरी कार्रवाई छोटी ग्वालटोली क्षेत्र में की गई। यहां एक पुराने मकान का ऊपरी हिस्सा काफी जर्जर हो चुका था और कभी भी गिर सकता था। बारिश के मौसम में खतरा बढ़ने को देखते हुए निगम ने ऊपरी मंजिल पर बने दो कमरे और छज्जे को मैन्युअल तरीके से हटाया। सुरक्षा व्यवस्था के तहत कार्रवाई शुरू होने से पहले नीचे संचालित सभी दुकानों को बंद कराया गया, ताकि किसी प्रकार की जनहानि न हो। निगम की टीम ने सावधानीपूर्वक खतरनाक हिस्से को हटाकर क्षेत्र को सुरक्षित किया।

# शिक्षक पात्रता परीक्षा हो सकती है जुलाई या अगस्त माह तक

## शिक्षकों में परीक्षा को लेकर भय व्याप्त

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● शिक्षक पात्रता परीक्षा की सुगबुहाट होने लगी है। शिक्षक जो काफी समय से इसे रोकने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन अब यह परीक्षा की तैयारियां मूर्त रूप लेने लगी है। संभावना व्यक्त की जा रही है कि यह परीक्षा जुलाई या अगस्त माह में हो जाएगी। शिक्षक इन दिनों शिक्षक पात्रता परीक्षा यानी टीईटी को लेकर डरे और सहमे हुए हैं। डर इसका नहीं कि वे परीक्षा में फेल होंगे या उनकी नौकरी खतरे में आ जाएगी। डर उन्हें इस व्यवस्था से है जो अभी



तक परीक्षा का सिलेबस तक जारी नहीं कर पाई है।

### सिलेबस जारी नहीं

सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद यह तय हो गया था कि शिक्षक पात्रता परीक्षा होगी और इसका आयोजन जल्द ही किया जाएगा। हालांकि आदेश में 3 साल के दौरान परीक्षा पास करने की बात कही गई थी, जिसके बाद जुलाई और अगस्त में पहली परीक्षा आयोजित होने की चर्चा शुरू हुई। अब जबकि यदि जुलाई या अगस्त में परीक्षा कराई जानी है तो उसका सिलेबस जारी हो जाना चाहिए, ताकि शिक्षकों को यह पता तो रहे कि आखिर उनसे परीक्षा में पूछा क्या जाना है। यह जरूर चर्चा थी कि परीक्षा व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा ली जाएगी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरूद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।